विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली
MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS
NEW DELHI

सत्यमेव जयते

पावती सहित पंजीकृत डाक द्वारा

सूचना का अधिकार मामला

समयबद्ध

भारत सरकार
विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली
(चीन प्रभाग)

सं. ई/551/128/2015-आरटीआई

30 सितम्बर, 2015

सेवा में

श्री हेमेन्द्रवीर सिंह
विजराज भवन, ग्राम – सिंधरपुर,
डाकघर – अहमदपुर, अलीगढ,
उत्तर प्रदेश

विषयः सूचना का अधिनियम, 2005 के अंतर्गत माँगी गई सूचना।

महोदय,

कृपया प्रधानमंत्री कार्यालय को संबोधित दिनांक 8.8.2015 के अपने आरटीआई आवेदन का अवलोकन करें जिसे आरटीआई प्रकोष्ठ, विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली को स्थानांतरित किया गया था। और इस प्रभाग को 18.9.2015 को प्राप्त हुआ है

2. चीन के संदर्भ में आपके प्रश्न का उत्तर निम्नानुसार हैः-

(1) *आपके द्वारा मांगी गई जानकारी इस विभाग में उपलब्ध नहीं है।*

*(2) आपके द्वारा मांगी गई जानकारी शून्य है।*

*(3) आपके द्वारा मांगी गई जानकारी शून्य है।*

*प्रधानमंत्री द्वारा की गई विदेश यात्राओं के* संदर्भ में *जानकारी* विदेश मंत्रालय के वैबसाइट (www.mea.gov.in) पर उपलब्ध है।

3. यदि आप इस उत्तर से संतुष्ट नहीं है, तो आप इस पत्र की प्राप्ति की तिथि से एक माह के भीतर श्री सुजीत घोष, निर्देशक (पूर्व एशिया) एवं अपीलीय प्राधिकारी, विदेश मंत्रालय, साउथ ब्लाक, नई दिल्ली – 110011 को अपील दायर कर सकते हैं।

भवदीय,

अनिकेत गो. मांडवगणे

(अनिकेत गोविंद मांडवगणे), आईएफएस
अवर-सचिव (चीन), एवं केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी

प्रतिलिपि प्रेषितः

1. श्रीमती मीरा सिसोदिया, अवर सचिव (आरटीआई), विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली

एफ.संख्या 26/10/2015- आईडीईएएस
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
द्विपक्षीय सहयोग प्रभाग
*****

नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली
दिनांक 8 सितंबर, 2015

सेवा में,

**श्री हेमेन्द्रवीर सिंह,**
**विजराज भवन, ग्राम- सिंधरपुर,**
**डाकघर- अहमदपुर, अलीगढ़,**
**उत्तर प्रदेश ।**

**विषय- श्री हेमेन्द्रवीर सिंह के दिनांक 08.08.2015 के आरटीआई आवेदन का आरटीआई अधिनियम की धारा 6(3) के अंतर्गत स्थानांतरण।**

महोदय,

यह (i) 17 अप्रैल, 2014 से 8 अगस्त, 2015 तक प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न देशों के विदेशी दौरों पर हुए कुल व्यय (ii) 17.04.2014 से 08.08.2015 तक विभिन्न देशों को प्रधानमंत्री द्वारा दी गई वित्तीय सहायता तथा उन देशों को दी गई धनराशि तथा 17.04.2014 से 08.08.2015 तक विभिन्न देशों द्वारा भारत को दी गई वित्तीय सहायता के बारे में दिनांक 31.08.2015 को आरटीआई प्रकोष्ठ, आर्थिक कार्य विभाग से प्राप्त आपके दिनांक 08.08.2015 के आरटीआई के संदर्भ में है।

2. जहां तक अधोहस्ताक्षरी सीपीआईओ का संबंध है, आर्थिक कार्य विभाग से कोई वित्तीय सहायता सीधे जारी नहीं की गई है। अधोहस्ताक्षरी सीपीआईओ, प्रदान की गई/प्राप्त की गई सहायता, प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न देशों के विदेशी दौरों पर हुए व्यय से अवगत नहीं है।

3. प्रधानमंत्री द्वारा किए गए विदेशी दौरों संबंधी ब्यौरा, इन दौरों पर हुए व्यय तथा विभिन्न देशों को प्रधानमंत्री द्वारा प्रदान की गई/प्राप्त की गई वित्तीय सहायता विदेश मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, जिन्हें आरटीआई आवेदन की एक प्रति प्रधानमंत्री कार्यालय ने पहले ही भेज दी है।

भवदीय,

**(अरूण सोबती)**
सीपीआईओ और अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23093532
ई-मेल: arun.sobti@nic.in

**प्रतिलिपि:-**

(i) विदेश मंत्रालय, श्री संदीप सूद, अवर सचिव/सीपीआईओ, जवाहरलाल नेहरू भवन, जनपथ, नई दिल्ली।

(ii) अवर सचिव और सीपीआईओ (जापान डेस्क), अवर सचिव और सीपीआईओ (यूरोप I व III) तथा अवर सचिव और सीपीआईओ (यूरोप II व IV) को सूचना प्रदान करने के लिए, यदि उनके पास उपलब्ध हो।

(iii) श्री रोपना खड़िया, अनुभाग अधिकारी, आरटीआई प्रकोष्ठ, आर्थिक कार्य विभाग को उनकी दिनांक 28.08.2015 की आईडी संख्या 2/180909,180906/आरटीआई/2015 के संदर्भ में।

9548_24/8/15

9548/15

सेवा में,

दिनांक- 8-8-2015

**श्रीमान जन सूचना अधिकारी,**
प्रधानमंत्री कार्यालय.
भारत सरकार.

20 AUG 2015
SECTION

**विषय- जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत कुछ महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

प्रार्थी भारत सरकार से **प्रधानमंत्री द्वारा की गई विदेश यात्राओं** के वारे में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करना चाहता है जो कि निम्न है.

(1) प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक- 17-04-2014 से दिनांक- 08-08-2015 तक किया गया **विदेश यात्राओं पर व्यय** कितना है।

(2) प्रधानमंत्री महोदय द्वारा दिनांक- 17-04-2014 से दिनांक- 08-08-2015 तक किन किन देशों को **"आर्थिक सहायता दी"** गई है और वह कितनी धन राशि है ।

(3) प्रधानमंत्री महोदय द्वारा दिनांक- 17-04-2014 से दिनांक- 08-08-2015 तक किन किन देशों से **"आर्थिक सहायता प्राप्त"** की गई है और वह कितनी है।

उक्त सूचना प्रार्थी को हिन्दी में देश, विंदुवार एवं नियत समयावधि में देने की कृपा करें.
उपरोक्त सूचना हेतु रु-10 का भा.पो.आ. जिसका **न.** 34F 272671 संलग्न है।

Similar application in lg. no. 425-9774

प्रार्थी

**(हेमेन्द्रवीर सिंह)**
विजराज भवन
ग्राम- सिंघारपुर
पोस्ट- अहमदपुर अलीगढ़
फोन- 9719175222

URGENT
RTI ACT
Diary No. 36924
& Date 20/08/15
Last Date 25/08/15

I.P.O. No. 34F 272671 of ₹ 10/-